हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 मई 2024

तापमान
अधिकतम ??.? डिग्री
न्यूनतम ?.? डिग्री

11 आरकेएसडी कॉलेज ने जमा करवाई वार्षिक गुणवत्ता...



12 टीम अपना काम मुस्तैदी, निगरानी व जिम्मेदारी...



# 12वीं के परीक्षा परिणाम में प्रदेश में चौथे स्थान पर जींद

**13670 बच्चों ने परीक्षा दी, 2313 बच्चों ने परीक्षा को पास किया**
*231 बच्चे हुए फेल जिला पिछले साल की अपेक्षा एक रैंक पिछड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। रिजल्ट घोषित होने के साथ ही सरकारी स्कूलों व एचएसईबी बोर्ड से संबंधित स्कूलों में यह होड़ लग गई कि किस स्कूल के बच्चे ने किस विषय में प्रथम स्थान हासिल किया है। जींद जिला की बात की जाए तो कुल 13670 बच्चों ने परीक्षा दी थी।

इनमें से 12313 बच्चों ने परीक्षा को पास किया जबकि 1126 बच्चों की कम्पार्टमेंट रही व 231 बच्चे फेल हुए। जिला का पास प्रतिशत 90.14 प्रतिशत रहा। प्रदेशभर में 92.99 प्रतिशत पास रिजल्ट के साथ महेंद्रगढ़ प्रथम, चरखी दादारी 92.33 प्रतिश पास रिजल्ट के साथ द्वितीय, 90.14 प्रतिशत पास रिजल्ट के साथ झज्जर तृतीय तथा 90.07 प्रतिशत के साथ जींद चौथे स्थान पर रहा। इस बार जींद जिला जिला पिछले साल की अपेक्षा एक रैंक पिछडा है और जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा था। पिछले साल जिले में 16 हजार 81 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 14102 विद्यार्थी पास हुए थे। वहीं 1979 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई थी और जिले का परीक्षा परिणाम 87.69 प्रतिशत रहा था। 2021-22 में जींद के 16 हजार 495 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें से 14 हजार 586 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की थी। 1414 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई थी। जिले में कुल 88.44 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए थे और प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया था।

## नव दुर्गा स्कूल का परिणाम रहा शानदार



जींद। नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदान परीक्षा परिणाम आने पर बच्चों को मिठाई खिलाते शिवनारायण शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 108 विद्यार्थियों में से 80 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परिणाम में विज्ञान संकाय में नेहा जागलान पुत्री परमजीत ने 500 में से 485 अंक प्राप्त करके प्रथम, हेमंत दीक्षित पुत्र रोहताश ने 500 में से 471 अंक प्राप्त करके दूसरा तथा भूपेंद्र पुत्र संदीप ने 500 में से 468 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणि'य संकाय में तन्नु पुत्री विकास ने 500 में से 464 अंक प्राप्त करके प्रथम, सुमित पुत्र सुनील ने 500 में से 449 अंक प्राप्त करके दूसरा तथा सिमरनप्रीत पुत्री निधान सिंह ने 500 में से 440 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में सोनाक्षी पुत्री मनोज ने 500 में से 475 अंक प्राप्त करके प्रथम, रीना पुत्री रोहताश ने 500 में से 461 अंक प्राप्त करके दूसरा तथा रोहिमा पुत्री रणधीर व मोनिका ने 500 में से 459 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शिव नारायण व प्रधानाचार्य मदनमोहन कौशिक ने सभी अध्यापकों, अभिभावकों व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। शिव नारायण शर्मा ने शानदार परीक्षा परिणाम आने का श्रेय प्रधानाचार्य मदन मोहन कौशिक, स्टाफ तथा विद्यार्थियों की लगन व मेहनत को दिया तथा विद्यार्थियों को लड्डू खिला कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 88.70 प्रतिशत रहा कैथल का परिणाम

**पिछले साल की अपेक्षा आया सुधार**

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। कैथल जिले का परीक्षा परिणाम 88.70 प्रतिशत रहा है। जो पिछले साल से चार प्रतिशत अधिक है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले के 10979 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 9747 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की है। हालांकि बोर्ड द्वारा सुबह परीक्षा परिणाम आने बारे घोषणा कर दी थी लेकिन साइट बिजी दिखाए जाने के कारण मंगलवार बाद दोपहर ही परीक्षा परिणाम देखा जा सके। परीक्षा परिणाम जारी होने की सूचना मिलते ही विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम देखने के लिए दौड़ पड़े। परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थी एक दूसरे को बधाई दे रहे थे तो वहीं फेल हुए विद्यार्थियों के चेहरे उतरे हुए थे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार इस बार हरियाणा शिक्षा बोर्ड की ओर से टॉपर विद्यार्थियों की सूची जारी नहीं किए है। क्योंकि इस बार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परीक्षा परिणाम जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि इस बार पहले ही अपेक्षा जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। **पिछले साल का परिणाम:** वर्ष 2023 में कैथल प्रदेश में 10वें स्थान पर रहा था। इस दौरान जिले के 13 हजार 9 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 11 हजार 56 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। जिले का परिणाम 84.99 प्रतिशत रहा था।

### 22 ने ली मैरिट

हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल का कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों का हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प मालाए पहनाकर और मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता कौशिक ने परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर सभी प्राध्यापकों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। 35 ने वार्षिक परीक्षा दी थी जिसमें से 22 की मेरिट और बाकी सभी विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए। प्रथम स्थान मीनाक्षी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर गौरव और तृतीय स्थान लक्ष्य ने प्राप्त किया।



जींद। डीएन मॉडल स्कूल में मेरिट प्राप्त बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## डीएन मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीएन मॉडल स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा अंकुश सुपुत्री मनोज ने 487/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशा पुत्री बलराज ने 479 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्नु व साक्षी ने 472 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की छात्रा खुशबू ने 471, कोमल ने 469, काजल ने 468, खुशी ने 463, दिव्या ने 462, इंदू ने 455 प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 78 बच्चों में से 40 बच्चों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों व प्राचार्या राज रेढू ने सभी बच्चों एवं अध्यापकों को बधाई दी। प्राचार्या राज रेढू ने बताया कि बुधवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन करके मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। उधर, बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे व 15 बच्चे मेरिट सूची में रहे। विद्यालय की छात्रा खुशबू ने 457 अंक प्राप्त किए व विद्यालय में प्रथम रही। अन्नू ने 438 अंक प्राप्त किए। महक ने 435 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने भूगोल व राजनीति शास्त्र में 100 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या ओमप्रभा ढिल्लो ने कहा कि विद्यालय सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## शत प्रतिशत रहा एस.एस बाल सदन स्कूल कैथल का परीक्षा परिणाम



कैथल। अव्वल परीक्षा परिणाम पर झूमते एसएस बाल सदन स्कूल के विद्यार्थी।

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा में एस.एस बाल सदन स्कूल के छात्रों के द्वारा बाजी मारी। स्कूल के एम.डी रविभूषण गर्ग ने बताया की कक्षा बांहरवी में कुल 36 छात्रों ने परीक्षा दी। जिसमें सभी 21 छात्रों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। वहीं बाकी छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। गर्ग ने बताया की विद्यालय की छात्रा दीपिका सैनी ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान किया। वही तरुण सैनीने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और यश ने 92.6 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।गर्ग बी बताया की विद्यालय के छात्र सुरजीत,लोकेश,आशिका,अमित कुमार,जाह्नवी सैनी,दिशा शर्मा,कोमल रानी,लक्ष्मी कौर,जतिन शर्मा , जतिन सैनी, अंतरिक्ष,मुस्कान ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायलय के एम.डी रविभूषण गर्ग ने कहा कि विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम अध्यापकों को अथक मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर राजरानी गर्ग, हिमांशु गर्ग, श्रेया गर्ग, कुसुम लता, सपना सिंगल मोनिका मलिक, शोभा सिंगला, मधु सैनी, पूजा सोनी, सुनीता रानी, केशव मोहन,सोनम भाटिया, सिमरन सैनी, सुमन सैनी, अंजना सैनी, कंचन रानी,मनिता रोहिला, गरिमा रानी मौजूद रहे।

### शहर में आज

- सुबह पांच बजे गुरु मंजी साहिब गुरुद्वारा में शबद कीर्तन।
- सुबह पांच बजे अग्रवाल धर्मशाला से प्रभातफेरी।

### खबर संक्षेप

#### राजपुरा भैण से संदिग्ध हालात मे युवती गायब

**जींद।** गांव राजपुरा भैण से युवती के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव राजपुरा भैण निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ट्रक से तस्करी कर ला रहे थे**

## दो किलो 563 ग्राम अफीम बरामद, तीन तस्कर पकड़े

- तीनों आरोपितों को सीआईए स्टाफ ने नेशनल हाइवे 152डी पर पिल्लूखेड़ा के निकट किया काबू
- इंदौर से केमिकल के ड्रम किए गए थे लोड, जाना था अंबाला की तरफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ सफीदों ने नेशनल हाइवे 152डी पिल्लूखेड़ा टोल पर ट्रक सवार तीन लोगों का काबू कर उनके कब्जे से दो किलो 563 ग्राम अफीम बरामद की है। इसकी कीमत करीब पौने तीन लाख रुपये बताई जा रही है।ट्रक इंदौर से लोड होकर अंबाला की तरफ जा रहा था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अफीम के साथ पकडे. गए तीनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि हिमाचल नंबर के ट्रक से अफीम तस्करी कर लाया जा रहा है। जो नारनौल-अंबाला नेशनल हाइवे 152डी से होकर गुजरेगा। जिसके आधार पर सीआईए स्टाफ ने पिल्लूखेड़ा टोल पर नाकाबंदी की नेशनल हाईवे 152डी पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद नारनौल की तरफ से आ रहे आ रहे लोड ट्रक को पुलिस टीम ने रूकवा लिया। ट्रक में शील्ड ड्रम लोड थे। तिरपाल को हटा कर जब ट्रक की तलाशी ली गई तो बॉडी के अगले हिस्से में ड्रम के ऊपर तीन थैलियां रखी हुई थी। जांचने पर थैलियों में अफीम पाई गई। जिसका वजन दो किलो 563 ग्राम पाया गया। ट्रक में केमिकल्स के ड्रम इंदौर मध्यप्रदेश से लोड हुए थे।

पुलिस पूछताछ में ट्रक सवार लोगो की पहचान देवी नगर पौंटा साहिब निवासी समरेज, गांव मतरालिया पौंटा साहिब निवासी सलीम, गांव जसोवाल निवासी महताब के रूप मे हुई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पकडे. गए तीनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपितों के कब्जे से दो किलो 563 ग्राम अफीम बरामद हुई है। जिस ट्रक में तस्करी कर लाया जा रहा था।

## इंस्टा पर दोस्ती कर किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**आरोप**
आरोपित ले गया था अपने घर, तीन दिन किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पानीपत इलाके की युवती के साथ पहले इंस्टा पर दोस्ती हुई। फिर शादी का झांसा देकर प्यार में फांस आरोपित ने उचाना में अपने पास बुला तीन दिन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बाद में आरोपित ने शादी करने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत इलाका गांव की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी इंस्टा पर अकांउट है। इंस्टा पर ही उसकी दोस्ती उचाना निवासी सतीश से हुई। जिसके चलते उनमे आपस मे बातचीत होने लगी। सतीश ने उसे तीन मार्च को उचाना अपने घर बुला लिया। आरोपित ने शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन दिन तक दुष्कर्म किया। फिर परिजनों ने बातचीत कर शादी करने की बात कह कर उसे वापस भेजा। जिसके बाद आरोपित ने बातचीत करना बंद दिया। जब उसने शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने शादी करने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर सतीश के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना की जांच अधिकारी ऊषा ने बताया कि दोनों की इंस्टा पर दोस्ती रही है। युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## नरवाना बार में फैमिली मैंबर की तरह मिलकर करेंगे काम: जज




जींद। कार्यक्रम को संबोधित करतीं जज शिफा कर्णसिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बार एसोसिएशन नरवाना में नए जजों के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट बलजीत मलिक ने एडिशनल सेशन प्रिंसीपल जज फैमिली कोर्ट शिफा कर्ण सिंह एसडीजेएम जज संदीप कुमार व जेएमआईसी जज मनजीत पाल व अश्वनी गुप्ता का स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव एडवोकेट सुमित श्योकंद ने की। सचिव सुमित श्योकंद ने सीविल कोर्ट के नए जजों के सामने फैमिली कोर्ट को 15 दिन में एक बार की बजाए हर हफते किए जाने की मांग रखी ताकि मुकद्मों का जल्दी निपटारा हो सके। बार को संबोधित करते हुए जज संदीप कुमार ने कहा कि एक अच्छा वकील समाज में बदलाव लेकर आता है। कोर्ट हमेशा वकीलों से रोशन होती है। होनहार वकील हमारे काम को आसान बनाते है। कोर्ट तभी सुंदर लगती है जब बार एवं बैंच के मध्य संबध अच्छे हो। हमें अपनी-अपनी मर्यादा में रहकर अपना कार्य करना चाहिए। एडिशनल सेशन जज शिफा करण सिंह ने कहा कि मैं फैमिली कोर्ट में जज आई हूॅ तो मुझे भी अपने फैमिली मैम्बर की तरह ही मानें। उन्होंने कहा कि घरेलू मामलो को यदि वकील अपने स्तर पर ही सुलझाने की कोशिश करें तों जज का काम आसान हो जाता है। जेएमआईसी जज मनजीत पाल ने कहा कि मैने नरवाना बार एसोसिएशन की काफी तारीफ सुनी तभी मैं अपनी इच्छा से यहां तबादला करवा कर आया हूॅ। जज अश्वनी गुप्ता ने कहा कि मैं आशा करता हूॅ कि हमें भी पुराने जज साहबान की तरह बार एसोसिएशन नरवाना का पूरा सहयोग मिलेगा।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

मौके पर एडवोकेट अनूप ढांडा, कुलवंत श्योकंद, पूजा गर्ग, रोहताश नैन, अनिल नैन, सुशील शर्मा, हर्ष मोर, प्रवीण चौधरी, अजय मोर मौजूद रहे।

**आयोजन** सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहरलाल समेत कई नेता होंगे शामिल

## भाजपा आज मनाएगी पिल्लूखेड़ा में धन्ना भगत जाट की जयंती, सभी तैयारियां पूरी

- लोकसभा चुनाव के मध्यनजर भाजपा के लिए इलाके में धन्ना भगत जयंती अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रैली स्थल पर जायजा लेते भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर। फोटो : हरिभूमि

गांव अमरावलीखेड़ा में बुधवार को मनाई जाने वाली धन्ना भगत जाट जयंती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजूमोर ने पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और आवश्क दिशा-निर्देश दिए। धन्ना भगत जाट जयंती समारोह को सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहरलाल, जेपी दलाल, रा'यसभा सांसद सुभाष बराला, कृष्ण पंवार व अन्य नेता संबोधित करेंगे। गांव अमरावली खेड़ा में मनाई जा रही धन्ना भगत जाट जयंती भाजपा के लिए अहम है। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने की पूर्व सीएम मनोहर लाल ने परंपरा शुरू की थी।

हरियाणा सरकार ने पिछले साल धन्ना जाट जयंती गाव धनौरी में मनाई थी। अब गांव अमरावली खेड़ा में जयंती का मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों को सम्मान देने की परंपरा सरकारी खर्चे पर मनाया जाती रही है। लोकसभा चुनाव के चलते आचार सहिता लगी हुई है। जयंती को सरकार स्तर पर नही मनाया जा सकता। अब भाजपा अपने स्तर पर धन्ना भगत जाट जयंती को मना रही है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि धन्ना भगत की रा'यस्तरीय जयंती जिले के गाव अमरावली खेड़ा मे मनाई जा रही है। सनातन में मोक्ष के तीन रास्ते हैं। पहला रास्ता है कर्म, आप सद्भाव से कर्म करते जाओ और जनकल्याण का काम करते रहो। यह सही रास्ता है। धन्ना जाट पहले धन्ना जाट के नाम से जाने गए। उसके बाद उनकी पहचान धन्ना सेठ के नाम से हुई और बाद में वह धन्ना भगत के नाम से विख्यात हुए। उन्होंने कहा कि जींद में बन रहे मेडिकल कॉलेज का नामकरण धन्ना भगत किया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की विरोधी पार्टियां धन्ना जाट जयंती मनाए जाने के पीछे राजनीतिक कारण मानती हैं। विरोधी दल इस बात का दावा करते हैं कि जाट समुदाय में भाजपा की पकड़ कम है लेकिन धन्ना जाट जयंती के माध्यम से भाजपा यह संदेश देने का भी काम कर रही है कि जो विपक्षी नेता तथाकथित तौर पर जाट समुदाय के हितैषी होने का दम भरते हैं। बरसों उनकी सरकार रही लेकिन उन्होंने कभी जाट समाज के इस संत को याद नहीं किया।

## तीन दिन में जमा करवाएं अपना असलहा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- असलहा जमा न करवाने पर दिए जाएंगे नोटिस, होगी सख्त कार्रवाई



पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के लाइसेंस धारकों द्वारा अपना असलहा जमा न करवाने पर लाइसेंस धारक को नोटिस देना शुरू किया गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा असला लाइसेंस धारकों से अपने हथियार जमा कराने के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। यदि कोई लाइसेंसी असलहा धारक जानबूझ कर अपना हथियार अगले तीन दिन में जमा नहीं कराता तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला जींद क्षेत्र के प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारक के लिए अपना हथियार जमा करवाना अनिवार्य है। प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारक संबंधित थाना में जाकर अपना लाइसेंसी हथियार निशुल्क जमा करवा सकता है। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति गन हाउस में भी हथियार जमा करवा सकता है लेकिन लाइसेंस जमा की रसीद संबंधित थाना में दिखाना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रबंधकों अपने क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंस धारकों का असलहा थाना में जमा कराने के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश जारी किए गए हैं। असलहा जमा करने कराने के कार्य में कोई कोताही ना बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने थाना में जमा हुए लाइसेंसी हथियारों का ब्योरा तुरंत कार्यालय में देने को कहा है। चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षए भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने को असला लाइसेंस धारकों से पुलिस का सहयोग करने को भी कहा गया है।

## टैलेंट का महासंग्राम...




उचाना। टैलेंट का महासंग्राम सीजन-2 के ऑडिशन उचाना मंडी में करवाया गया। हर कलाकार ने स्टेज पर अपनी प्रतिभा दिखाई। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### आज उचाना कलां से नैना चौटाला करेंगी दौरे

**उचाना।** हिसार लोकसभा से जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला एक मई को हलके के आठ गांवों के दौरे करेंगी। पूर्व डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रोण जगदीश सिहाग ने बताया कि डूमरखां खुर्द, सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द, काब्रच्छा आदि गांवों में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करेंगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक तीन को

**उचाना ।** आगामी तीन मई को उपमंडल कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग होगी। मीटिंग की अध्यक्षता कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बीते विस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रहे बलराम कटवाल करेंगे। कटवाल ने बताया कि मीटिंग का उद्देश्य लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं दिशा-निर्देश देना है।

### कांग्रेस कार्यालय के शुभारंभ पर हवन आज

**उचाना ।** रजबाहा रोड स्थित मिड टाउन में कांग्रेस कार्यालय के शुभारंभ पर एक मई को हवन किया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कांग्रेस वीरेंद्र घोघड़िया ने बताया कि कार्यालय के शुभारंभ के बाद हिसार लोस से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश आने वाले दिनों में आएंगे। रोड शो के बाद कार्यालय का वो उद्घाटन करेंगे।

### कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंघाना का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**सफीदों ।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परिणामें में उपमंडल के गांव सिंघाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इस परिणाम में इस स्कूल की 27 छात्राओं ने मैरिट व 10 छात्राओं ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त की है। इसके अलावा सभी बच्चे अच्छे अंकों से पास हुए हैं। इस स्कूल की छात्रा माफी ने 500 में से 474 अंक लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य जगमिंद्र रेढू व अध्यापक सतीश शर्मा ने बच्चों को बधाई दी।

### शत-प्रतिशत रहा ओम स्कूल का परीक्षा परिणाम

**उचाना।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोलीखेड़ा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्या डिंपल अरोड़ा ने बताया कि 43 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। 23 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज किया। विज्ञान संकाय में साक्षी पुत्र राजबीर 475 नंबर लेकर स्कूल में प्रथम रही। तन्नु पुत्री गुरूदेव 461 नंबर लेकर द्वितीयए तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से निशु एवं सुरक्षी रही। दोनों ने 460.460 अंक प्राप्त किए। आर्टस संकास में तन्नु पुत्री भूपेंद्र ने 455 अंक लेकर पहलाए टीना पुत्री जयवीर 452 अंक लेकर द्वितीयए तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से अन्नु एवं अजंली रही। दोनों ने 443.443 अंक प्राप्त किए।

### चुनाव को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने की बैठक

**जींद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव भारद्वाज की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष व युवा मोर्चा जिला जींद प्रभारी नरेंद्र पहला मौजूद रहे।

### मयंक को कॉर्डिनेटर बनाने पर जताई खुशी

**सफीदों ।** युवा कांग्रेसी नेता मयंक गर्ग को युवा कांग्रेस के रिसर्च विभाग में सोनीपत लोकसभा कॉर्डिनेटर्स बनाने पर अग्रवाल वैश्य समाज ने गहरी खुशी प्रकट की है। बता दे कि मयंक गर्ग को कांग्रेस पार्टी ने युवा विंग के रिसर्च विभाग द्वारा सोनीपत लोकसभा का कॉर्डिनेटर बनाया गया है। उनकी इस नियुक्ति से अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है।

### सफीदों के राजकीय महाविद्यालय में एमओयू

**सफीदों।** राजकीय महाविद्यालय सफीदों व रास कला मंच के बीच एमओयू संपन्न हुआ। दोनों संगठनों के बीच सहयोग की घोषणा की गई है। मेमोरेंडम के अनुसार रास कला मंच महाविद्यालय के छात्रों को थिएटर व मंच का तकनीकी और पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

## नानक हरि गुन गाई ले छाड़ि सगल जंजाल

### नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा से मनाया

### गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में हुआ कीर्तन दरबार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नौवीं पातशाही गुरू तेग बहादुर साहिब का प्रकाशोत्सव पर्व शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए रागी विद्वान व कविश्री जत्थों ने गुरु तेग बहादुर साहिब की जीवनी को अपनी कविताओं में पिरो कर संगतों को सुना कर निहाल कर दिया।

गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए रागी जत्थों ने हरि जस गायन कर के एवं कथावाचकों ने गुरु इतिहास सुना कर संगतों को निहाल कर दिया। बलविंदर सिंह ने बताया कि धार्मिक समागम की शुरुआत में गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी एवं कथा वाचक गुरविंदर सिंह रत्तक ने अपने प्रवचनों में बताया कि गुरू तेग बहादुर जी की शहादत को हिंदुस्तान के इतिहास में इसलिए महत्वपूर्ण माना जाता है कि गुरू तेग बहादुर साहिब ने अपने शीश का बलिदान अपने किसी स्वार्थ या लालच की बजाए कश्मीर के ब्राह्मणों के जनेऊओं की रक्षा की खातिर दिया था। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब के रागी भाई जसबीर सिंह रमदासिया के रागी जत्थे ने गुरू की उपमा से संबंधित गुरबाणी शब्दों का गायन किया। उन्होंने अपनी वाणी में बताया कि सगल जगतु है जैसे सुपना, यह संसार सपना है। इसलिए इस नश्वर, क्षणभंगुर संसार का मोह त्याग कर प्रभु की शरण लेना ही उचित है।

गुरुघर के कथा वाचक गुरविंदर सिंह ने संगतों का गुरबाणी से निहाल करते हुए कहा कि नानक हरि गुन गाई ले, छाड़ि सगल जंजाल। गुरु जी का कथन है कि चिंता उसकी करो, जो अनहोनी हो, चिंता ताकी कीजिये जो अनहोनी होय। इस संसार में तो कुछ भी स्थिर नहीं है। गुरु तेग बहादुर के अनुसार समरसता सहज जीवन जीने का सबसे सशक्त आधार है। आशा, तृष्णा, काम, क्रोध आदि को त्यागकर मनुष्य को ऐसा जीवन जीना चाहिए जिसमें मान-अपमान, निंदा-स्तुति, हर्ष-शोक, मित्रता-शत्रुता समस्त भावों को एक समान रूप से स्वीकार करने का भाव उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि नह निंदिआ नहिं उसतति जाकै लोभ मोह अभिमाना।

हरख सोग ते रहै निआरऊ नाहि मान अपमाना। गुरु जी का कहना है कि वैराग्यपूर्ण दृष्टि से संसार में रहते हुए सभी सकारात्मक, नकारात्मक भावों से निर्लिप्त होकर ही सुखी और सहज जीवन जिया जा सकता है।



जींद। नौवीं पातशाही गुरू तेग बहादुर साहिब का प्रकाशोत्सव पर्व गुरू की महिमा का बखान करते हजूरी रागी नवनीत सिंह।



जींद। गुरूद्वारा गुरू तेग बहादुर साहिब में लंगर छकते श्रद्धालु।

### गुरू तेग बहादुर साहिब की जीवनी पर प्रकाश डाला

गुरूघर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह के अनुसार मंजी साहब गुरुद्वारा कैथल से आए कथा वाचक एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भाई साहब सिंह चक्कू ने अपने प्रवचनों में गुरू तेग बहादुर साहिब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके वैचारिक उपदेशों के बारे में संगतो को जानकारी दी और कहा कि अपनों के लिए तो हर कोई मरता है, दूसरों के लिए मरने के लिए साहस ओर ज'बे की जरूरत होती है। समागम के अंत में दरबार साहिब अमृतसर से आए भाई नवनीत सिंह के रागी जत्थे ने गुरू की महिमा का गुरबाणी कीर्तन करते हुए समागम को चार चांद लगाए। रागी जत्थे ने गुरु तेग बहादुर साहिब की श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज बाणी को गुरबाणी शब्दों में पिरो कर निरोल कीर्तन द्वारा वातावरण को आनंदमयी बना दिया। इस अवसर पर हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी परमिंदर कौर, विधायक प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने उपस्थित संगत को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि अपने सिद्धांतों के लिए आत्मबलिदान करना बहुत बड़ी बात होती है, परंतु उससे भी बड़ी बात होती है दूसरों के सिद्धांतों और विश्वासों के लिए शहीद हो जाना। गुरु तेग बहादुर ऐसे ही अद्वितीय आत्मबलिदानी थे। उन्होंने कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए दिल्ली के शीशगंज में अपना शीश कटा कर प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इस अभूतपूर्व बलिदान के कारण ही उन्हें हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर कहकर सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है। गुरुद्वारा साहिब को रंग बिरंगी लाइटों से शानदार तरीके से सजाया गया था तथा संगतों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, कार सेवा वाले बाबा रछपाल सिंह, मालिक सिंह, जोगेंद्र सिंह पाहवा, दलबीर सिंह सेठी, जसकरण सिंहआदि मौजूद थें।



जींद। औद्योगिक भ्रमण करतीं छात्राएं।

## छात्राओं ने धरौदी में किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ छात्राओं ने ली हथकरघा उद्योग की जानकारी

हिंदू कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग व उद्यमिता विकास सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा व उद्यमिता विकास सेल की इंचार्ज डा. प्रियंका साहनी के मार्गदर्शन में गांव धरोदी के सामान्य सुविधा केंद्र (कारपेट, होम फर्निशिंग क्लस्टर) में किया गया। यह केंद्र एमएसएमई भारत सरकार तथा खादी व ग्रामीण उद्योग भारत सरकार के तहत रजिस्टर्ड है। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा महावीर जैन ट्रस्ट जो की खादी व ग्राम उद्योग तथा एमएसएमई भारत सरकार के तहत रजिस्टर्ड हैं के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के तहत किया गया। की टीम को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर तथा वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. उपासना गर्ग, डा. गीता गुप्ता व अंजू के द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया। सामान्य सुविधा केंद्र में महिलाओं को पहले प्रशिक्षित किया जाता है, फिर वहीं पर रोजगार प्रदान किया जाता हैं। अबतक यह केंद्र 125 महिलाओं को रोजगार प्रदान कर चुका है। इसमें महिलाएं कारपेट व होम फर्निशिंग का काम करती हैं। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को हथकरघा उद्योग की प्रक्रिया से वाकिफ करवाना व विद्यार्थियों में स्वरोजगार की भावना को जागृत करना था।

### नशा हमारे समाज के ऊपर कलंक

**जींद।** एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल व वाणि'य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. नताशा के निर्देशन में व कार्यकारी प्राचार्या बबीता पवार की अध्यक्षता में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय नशा मुक्त भारत सपना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल की संयोजिका बबीता पवार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि नशा हमारे समाज के ऊपर कलंक है। नशा हमारे देश के युवाओं को सबसे 'यादा प्रभावित करता है। नशा हर व्यक्ति चाहे वह बच्चा हो, महिला, युवा या बुजुर्ग हो पर बहुत बुरा प्रभाव डालता है। इससे न सिर्फ शारीरिक हानि बल्कि सामाजिक दुष्प्रभाव भी पड़ता है।

## नरवाना: जूनियर ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना क्लब नरवाना के प्रांगण में दो दिवसीय लड़के व लड़कियों की दो दिवसीय जूनियर ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के 110 खिलाडिय़ों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवीन कुमार न्यायाधीश नरवाना व राजेश गोयल कल्ब चेयरमैन के कर-कमलों द्वारा हुआ। लड़कियों में अंडर-13 आयुवर्ग में वैष्णवी विजेता व अंशिका उपविजेता रही। लड़कों में अंडर-13 आयुवर्ग में दीपक विजेता व नव्या गोयल उपविजेता रहे। लड़कों में अंडर-16 आयुवर्ग में रिधम विजेता व भारत उपविजेता रहे। न्यायाधीश नवीन कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास का भी मार्ग प्रशस्त करती है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पारितोषिक वितरण न्यायाधीश नवीन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सतीश मोदी, सचिव योगेन्द्र पाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष धर्मवीर गोयल, रमेश वर्मा, सतीश गोयल, रोहताश सिंगला, प्रणव आर्य, जयभगवान मित्तल, जयदेव बंसल, नवीन सिंगला, चंद्रकांत सिंगला, शशि मित्तल, विवेक गर्ग, उमेश गर्ग, पवन, अनुप गोयल, विकास गोयल व कल्ब की महिला शक्ति व बच्चे मौजूद रहे।



जींद। खिलाडियों के साथ कल्ब सदस्य।

### संस्था बिना पंजीकरण के न चलाई जाए

**जींद ।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 के तहतए 0 से 18 वर्ष आयु के बच्चे यदि किसी अनाथालय अथवा किसी संस्था में रहते हैं तो जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 41 (1) के तहत उस संस्था का पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिला में यदि कोई अनाथालय या संस्था बिना पंजीकरण के संचालित है तो जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 42 के तहत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण चल रही संस्था की सूचना देने व पंजीकरण कराने के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई जींद के कार्यालय लघु सचिवालय स्थित कं'यूमर कोर्ट के प्रथम तल पर कमरा नंबर पांच में संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चों के लिए कौशल मॉड्यूल तैयार

■ राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखा प्री .वोकेशनल एक्सपोजर कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूली बच्चों में प्री.वोकेशनल एक्स्पोज़र कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिक्षा विभाग में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक कौशल मॉड्यूल तैयार किया है जिसके द्वारा कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों को व्यावसायिक कोर्स करवाए जाएंगे और व्यावसायिक कौशल की शिक्षा दी जाएगी। इससे पहले कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशल की शिक्षा दी जा रही थी। भारत सरकार और हरियाणा सरकार ने यह निर्णय किया है कक्षा छः से आठ के बच्चों को व्यावसायिक कौशलों की शिक्षा के बारे में परिचित कराया जाए ताकि उनमें उनके प्रति रूझान पैदा हो। इसी कड़ी में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखा में चौपाल कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सरपंच पृथ्वी सिंह ने कीए एसएमसी प्रधान सूबेदार सुखबीर सिंह सदस्य पंचायत अमित कुमार पूर्व पंचायत सदस्य रामफल सिंहए एमसी के सभी सदस्य और अभिभावक गण ने भाग लिया। कार्यक्त्रम में स्कूल प्राचार्य बलजीत गोयत में नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क कार्यक्त्रम के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। विद्यालय में बैंकिंग और आईटी के विषय इस कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू किए गए हैं।



जींद। जानकारी देते हुए बलजीत गोयत।



### जिंदगी में मां, महात्मा और परमात्मा से बढ़कर और कुछ नही : पुजारी अशोक शर्मा

**उचाना ।** पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में कीर्तन आयोजित हुआ। पुजारी अशोक शर्मा द्वारा भजन कीर्तन में धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है। इस जीवन को भगवान की भक्ति में लगाने का काम करें। बार.बार मनुष्य जीवन नहीं मिलता है। जिंदगी में मां, महात्मा और परमात्मा से बढ़कर और कुछ भी नहीं है। जीवन में तीन आर्शीवाद जरूरी है। बचपन में मां काए जवानी में महात्मा काए बुढ़ापे में परमात्मा का। मां बचपन में संभालती हैए जवानी में नीयत बिगड़े तो उपदेश देकर महात्मा और परमात्मा ही जिंदगी है। धर्म, पुराण और इतिहास में से अगर ये तीन शब्द निकल दे तो वे महज कागजों के पुलिदें मात्र रह जाते है। तीन चीजें अगर चली जाएं तो वापिस मुड़कर नहीं आती। शब्द, समय और विश्वास। अगर विश्वास टूट गया तो मुड़कर वो वापिस नहीं आता। किसी व्यक्ति ने एक संत से पूछा आप बड़े है फिर भी नीचे क्यूं बैठते हैं तब संत ने कहा कि नीचे बैठने वाला कभी भी नहीं गिरता। स्वयं से बात करें। आज हर व्यक्ति की जेब में फोन है पर वो फोन भी आपको कहता है कि स्वयं से बात करें।

## घोघड़िया में उठान धीमा होने पर आढ़तियों ने जताया रोष

■ आढ़तियों ने की जल्द से जल्द उठान करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

घोघडिय़ा परचेज सेंटर पर उठान धीमा होने पर आढ़तियों ने एकत्रित होकर रोष प्रकट किया। आढ़तियों ने कहा कि घोघडिया परचेज सेंटर से खटकड़ गोदाम में गेहूं के लोडिंग ट्रक जाते है। यहां पर अनलोडिंग प्वाइंट घोघड़िया के कम होने के चलते उठान की रफ्तार धीमी है। रामकुमार घोघड़िया विक्रम बूरा, दीपक, सुखबीर, सुनील रेढ़ू, विनोद, अशोक छापड़ा ने कहा कि गेहूं की आवक कम होती जा रही है। घोघड़िया में उठान की रफ्तार बिल्कुल धीमी है। इसको लेकर बार-बार खरीद एजेंसी को अवगत करवा चुके है। खटकड़ में जो अनलोडिंग प्वायंट घोघड़िया के कम है। इसलिए यहां पर अनलोडिंग नहीं हो रही है। ऐसे में उठान की रफ्तार कम है। जल्द प्वायंट नहीं बढ़ाए गए तो खटकड़ गोदाम पर जाकर आढ़ती प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। मौसम में बदलाव हो रहा है ऐसे में अगर बारिश से गेहूं खराब होती है। तो उसकी जिम्मेदारी



जींद। घोघड़िया परचेज सेंटर पर नारेबाजी करते हुए आढ़ती।

## मलिकपुर में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी समर्थकों की गाड़ी के तोड़े शीशे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ ग्रामीणों के बिफरने की सूचना पर भाजपा प्रत्याशी ने किया कार्यक्रम स्थगित

गांव मलिकपुर में बीती रात सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी के कार्यक्रम में जा रही गाड़ी के ग्रामीणों ने पथराव कर शीशा तथा नंबर प्लेट तोड़ दी। चालक ने गाड़ी को भगा कर उसमें सवार लोगों ब चा या । ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी ने अपने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। गाड़ी चालक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बडवासनी सोनीपत निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोनीपत लोस से भाजपा प्रत्याशी का बीती देर शाम गांव मलिकपुर में कार्यक्रम निर्धारित था। वह अपनी गाड़ी में छह साथियों के साथ गांव मलिकपुर जा रहे थे। बस अड्डे पर पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और गांव घुसने को लेकर गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। जिसमें उनकी गाड़ी का शीशा तथा नंबर प्लेट टूट गई। किसी तरह वह गाड़ी भगा कर वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गए। जब ग्रमीणों के विरोध की सूचना भाजपा प्रत्याशी के पास पहुंची तो उन्होंने गांव मलिकपुर के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया।

## फेसबुक पर टिप्पणी करना जीजा को पड़ गया महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ साली ने जीजा के खिलाफ साइबर थाने मे दर्ज कराया मामला

साली के फेसबुक अकाउंट पर अभद्र टिप्पणी करने, विरोध करने पर फोन कर गाली गलौज करने और धमकी देना जीजा को मंहगा पड़ गया। साइबर थाना पुलिस ने साली की शिकायत पर जीजा के खिलाफ मानहानी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चाबरी कालोनी निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 अप्रैल को उसकी मामला की लड़की ने उसके फेसबुक अकाउंट पर उसकी मुंबई की वीडियो लगाई हुई थी। जिस पर उसके रिश्ते के जीजा राजेश ने उसकी वीडियो पर अभद्र कमेंट्स कर दिए। जिस पर अपनी बहन को फोन कर राजेश की हरकत के बारे में बताया। उसी दौरान राजेश ने फोन पर उसे गालियां देते हुए धमकी दी। साइबर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर उसके जीजा राजेश के खिलाफ मानहानी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकारी प्रवीन ने बताया कि आरोपित पीड़िता की मौसेरी बहन का पति है। युवती ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

### हर दिन मेडिकल प्रक्रिया के लिए 20 श्रद्धालु पहुंच रहे

## अमरथाना यात्रा को 302 की मेडिकल फिटनेस जांच पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस बार अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है। यात्रा को लेकर जींद के लोगों में दिन प्रतिदिन उत्साह बढ़ रहा है। इस उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 15 अप्रैल से शुरू हुई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से अबतक महज 15 दिनों में ही 302 लोगों ने यात्रा पर जाने के लिए अपनी मेडिकल जांच प्रक्रिया को पूरा करवाया है। हर दिन 20 लोग रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आ रहे हैं। वर्ष 2022 में जहां 85 लोगों ने अमरनाथ यात्रा को लेकर मेडिकल प्रक्रिया करवाई थी। जबकि वर्ष 2023 में 260 लोगों ने तो वर्ष 2024 में महज 15 दिनों में ही 302 लोगों ने अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवा लिया है। 23 तीथारे् का प्राप्त होता है पुण्य मान्यता है कि अमरनाथ यात्रा करने से एक या दो नहीं पूरे 23 तीथोंर् का पुण्य प्राप्त होता है। इसी कारण से अमरनाथ की गुफा के खुलते ही यहां शिव भक्तों की भीड़ लग जाती है। लोग पहाड़ों पर बर्फ के बीच गुफा में बने शिवलिंग के दर्शन करने दुर्गम रास्तों से होते हुए पहुंचते हैं। यहां दर्शन करने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं और भगवान शिव सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। इस यात्रा में 13 से कम और 70 साल से 'यादा उम्र के लोग शामिल नहीं हो सकते हैं। इसके अलावा छह सप्ताह से अधिक गर्भवती महिलाएं भी इस यात्रा पर नहीं जा सकती हैं।



जींद। दवा के लिए लाइन में लगे लोग। फोटो: हरिभूमि

### तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम गठित

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र बनाने को लेकर तीन चिकित्सकों की एक टीम का गठन किया गया है। इसमें फिजिशियन डॉ. वनीता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. योगश तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला शामिल हैं। मरीज की जांच पहले दो चिकित्सक करते हैं, उसके बाद डिप्टी एमएस प्रमाण-पत्र जारी करते हैं।

### इस बार श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रहेगी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि महज 15 दिनों में ही 302 लोगों ने अपनी मेडिकल फिटनसे की प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। जिन लोगों को ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, 'वायंट पेन, सांस की बीमारी या मिर्गी के दौरे आते हों, वह श्रद्धालु यात्रा से बचें। अमरनाथ यात्रा के लिए इस बार श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रहेगी।

## खबर संक्षेप



### खेतों में 40 एकड़ के फाने जलकर राख

**राजौंद।** राजौंद कैथल मार्ग पर बजरंग भट्ठा के सामने किछाना गांव के खेतो मे आग लगने से 40 एकड़ के लगभग खाली खेतों में खड़े फाने जलकर राख हो गए। इसके अलावा कई एकड़ की बिजली की तार भी आग की भेंट चढ़ गई।आग पर लोगों ने बड़ी मुश्किल से काबू पाया। जिससे कई जगह खेतों में लगे तूडी व पशुओं के लिए चारा बचाने में सफल रहे। इस दौरान मार्ग से आने जाने वाले लोगों ने भी आग बुझाने में पूरी मदद की। इस विनोद ,शंकर, राजेश, प्रदीप, विनोद, राजेश, रामपाल, राजेन्द्र ने बताया की फसल तो लोगों ने उठा ली थी। लेकिन कुछ लोगों ने तूडी के लिए फाने बचाकर रखें हुए थे। इस से 40 एकड़ के लगभग पाने जलकर राख हो गए हैं।



### मुख्य अध्यापक रणवीर सिंह राणा को विदाई पार्टी

**राजौंद।** गांव किछाना के राजकीय उच्च विद्यालय के मुख्य अध्यापक रणवीर सिंह राणा के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई पार्टी दी गई। इस दौरान गांव बीर बांगड़ा राजौंद कैथल व अन्य कई गांव से सगे संबंधी स्कूल स्टाफ सदस्य विदाई पार्टी में शामिल हुए। सेवा निवृत्त हुए मुख्याध्यापक रणवीर सिंह राणा ने बताया कि उन्होंने राजौंद स्कूल से शिक्षा ग्रहण की थी और राजौंद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ड्यूटी ज्वाईन की थी। उसके बाद गांव नरवल में लंबे समय तक कार्यरत रहे फिर 2021 में उनका प्रमोशन होने पर जिला जींद के गांव दुडाना में मुख्याध्यापक लगे।




### राजौंद में धरना समिति का प्रदर्शन आज

**राजौंद।** राजौंद में धरना समिति का धरना 96 वे दिन भी जारी रहा। धरना समिति के अध्यक्ष राकेश राणा ने बताया कि सरकार से बातचीत का रास्ता अब बंद है। धरना समिति का सरकार को दिया गया अल्टीमेटम का समय 30 अप्रैल था जो आज खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि 1 मई को ट्रैक्टर प्रदर्शन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रैक्टर प्रदर्शन का लक्ष्य 1000 ट्रैक्टर रखा गया है।

### ट्रॉफी मे चयन के लिए ट्रायल 3 मई को

**कैथल।** हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता व-23 व पटौदी ट्रॉफी के लिए ट्रायल कैथल जिला क्रिकेट संघ के तत्वाध्यान में 3 मई 2024 को सुबह 8:00 बजे इंडस पब्लिक स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होंगे।

## लोकसभा चुनाव नामांकन की प्रक्रिया शुरू

# उम्मीदवारों को कुरुक्षेत्र डीसी एवं आरओ के पास जमा करवाना होगा नामांकन : डीसी

- सामान्य श्रेणी के लिए 25 हजार रुपए तथा एससी के लिए 2500 रुपए की जमानत राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल






जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को डीसी एवं आरओ कुरुक्षेत्र को अपने नामांकन जमा कराने होंगे। यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करना चाहता है तो उसे आनलाइन फार्म भरने उपरांत उसकी हार्ड प्रति संबंधित आरओ को जमा करवानी होगी।

उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। उम्मीदवार लोकसभा चुनाव के लिए 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। आगामी 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी जबकि 9 मई को उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसके उपरांत शनिवार 25 मई को मतदान होंगे तथा मंगलवार 4 जून का मतगणना उपरांत नतीजे घोषित किए जाएंगे। नामांकन पत्र उम्मीदवार या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को चुनाव की जमानत राशि 25 हजार रुपए जमा करवानी होगी तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को नामांकन भरते समय 12 हजार 500 रुपए जमा करवाने होंगे। यह राशि नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चेक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। नामांकन पत्र जमा करवाते समय उम्मीदवार अपने साथ अधिकतम चार लोगों को अंदर ला सकता है। आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी और सभी दस्तावेजों को सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र उम्मीदवार द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा भरा जा सकता है। नामांकन पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जा सकता, इसे निर्वाचन पंजीयन अधिकारी अथवा सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को अपनी शिक्षा, संपत्ति के अलावा फॉर्म 26 में एफिडेविट के साथ कोई एफआईआर दर्ज है तो उसकी भी जानकारी भी देनी होगी।

# डीडीवाई विद्यालय की छात्रा का सैनिक स्कूल में चयन

- सलिन्द्र सहारण ने बताया कि हरियाणा से यह एकमात्र लड़की है जिसका चयन श्रीगंगानगर राजस्थान के सैनिक स्कूल में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** छात्रा रचना को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य सलिंद्र सहारण व सुभाष शास्त्री। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण अंचल में स्थापित डी.डी.वाई.वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,खरक पांडवा की छात्रा रचना पुत्री ऋषिपाल ने सैनिक स्कूल,श्रीगंगानगर (राजस्थान)में चयनित होकर अपना,माता-पिता काऔर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सलिन्द्र सहारण और विद्यालय संस्थापक सुभाष शास्त्री ने छात्रा,स्टाफ मेंबर्स और अभिभावकों को मिठाई बांटते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

सलिन्द्र सहारण ने बताया कि एनटीए द्वारा पूरे भारतवर्ष के सैनिक स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए एक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे देश के छात्र हिस्सा लेते हैं। इस बार यह प्रवेश परीक्षा 28 जनवरी 2024 को आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की छात्रा रचना पुत्री श्री ऋषिपाल ने भी हिस्सा लिया और उसमें चयनित होकर विद्यालय गांव और माता-पिता को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा से यह एकमात्र लड़की है जिसका चयन श्रीगंगानगर राजस्थान के सैनिक स्कूल में हुआ है। दूसरा इस छात्रा ने नर्सरी से अब तक इसी विद्यालय में ही शिक्षा ग्रहण की है तथा बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग इत्यादि के ही इस उपलब्धि को प्राप्त किया है।

# आरकेएसडी कालेज ने जमा करवाई वार्षिक गुणवत्ता मूल्यांकन रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** वार्षिक गुणवत्ता मूल्यांकन रिपोर्ट जमा करवाते आरकेएसडी कालेज के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने आज वर्ष 2022-23 की वार्षिक गुणवत्ता मूल्यांकन रिपोर्ट (एक्यूएआर) जमा कर दी है। कॉलेज का आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (कदअउ) राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (ठअअउ) द्वारा निर्धारित सभी सात मानदंडों पर तैयारी और काम कर रहा था। रिपोर्ट में शिक्षा, अनुसंधान, प्रशासन, नेतृत्व कौशल आदि की गुणवत्ता में सुधार के लिए कॉलेज द्वारा उठाए गए कदमों को शामिल किया गया है। आपको यह बताना जरूरी है कि एनएएसी अपने प्रदर्शन से संबंधित गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप संस्थानों का मूल्यांकन करता है। शैक्षिक प्रक्रियाएँ और परिणाम, पाठ्यक्रम कवरेज, शिक्षण-सीखने की प्रक्रियाएँ, संकाय, अनुसंधान, बुनियादी ढांचा, सीखने के संसाधन, संगठन, शासन, वित्तीय कल्याण और छात्र सेवाएं। रिपोर्ट में कॉलेज के दृष्टिकोण और मिशन, मूल्य ढांचे और अन्य सूचकांकों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है, जिन पर कॉलेज ने गुणवत्ता और मात्रात्मक सुधार हासिल किए। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने रिपोर्ट को नैक वेबसाइट पर डाला और सभी को बधाई दी। अध्यक्ष श्री अश्वनी शोरेवाला ने कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और संस्थान के समग्र सुधार के लिए प्रगतिशील बुनियादी ढांचागत कदम उठाने का वादा किया। आईक्यूएसी सेल के संयोजक डॉ. गगन मित्तल ने रिपोर्ट तैयार करने में उनकी समग्र सहायता और समर्थन के लिए राष्ट्रीय विधा समिति और कॉलेज के प्राचार्य को धन्यवाद दिया। डॉ. शिल्पी अग्रवाल, डॉ. सुरेंद्र आर्य, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. एसपी वर्मा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. मनोज बंसल, प्रोफेसर अंकित, प्रोफेसर मीनू, प्रोफेसर ममता और श्री अमित गुप्ता ने मानदंडों और पोर्टल पर डेटा जमा करने का काम संभाला।

# एस.डी स्कूल कलायत का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परिणाम में कलायत के एसडी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। शिक्षण संस्थान संचालक सतबीर सिंह, सह संचालक मंदीप सिंह और प्रधानाचार्य रीना देवी ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परिणाम में लगभग 60 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। एक लंबी सूची ऐसी विद्यार्थियों की भी रही जिन्होंने अलग-अलग विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। इन राक्की रिया और विशाल ने लोक प्रशासन में शत-प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी तरह रजत व कीर्ति और अन्य विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया। इसका श्रेय स्कूल प्रबंध कमेटी ने शिक्षकों, अभिभाव और विद्यार्थियों को दिया। प्रधानाचार्य रीना देवी ने कहा कि स्कूल का ध्येय विद्यार्थियों को गुणवत्ता से भरी शिक्षा देना है। इस सोच को लेकर वे लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इसकी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### राजौंदः 469 अंकों के साथ यशिका रही टॉप

**राजौंद।** मंगलवार को कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजों की घोषणा से गुड लाइफ स्कूल में खुशी का माहौल बना। फूलों के प्रधानाचार्य यशपाल राणा ने बताया कि परीक्षा में शामिल कुल विद्यार्थियों में से 55 फीसदी विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई और विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की टॉपर अंशिका ने 469 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया आदर्श ने 459 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि प्रिया ने 457 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रिया, ज्योति, जया, लवनीत, क्षमा, तन्नू, कृष्णपाल, सकीना, मन्नू प्रताप और सूरज ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।इसके लिए सफल विद्यार्थियों को पूरे स्टाफ ने शुभकामनाएं देते हुए उनकी कड़ी मेहनत और लगन को सराहा। यह उपलब्धि उत्कृष्टता और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने में विद्यार्थियों और स्कूल दोनों की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

### 19 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

**कलायत।** कलायत के गांव रामगढ़ पांड्वा स्थित राजकीय आरोही माडल स्कूल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परिणाम में उमदा प्रदर्शन करने में सफल रहा। प्रधानाचार्य डा.अश्विनी मंगला ने बताया कि परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें 20 में से 19 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा पास की। बेहतरीन परिणाम के लिए उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। डा.मंगला ने कहा कि जिस प्रकार अभिभावक स्कूल के साथ तालमेल बनाकर चल रहे हैं उससे पढ़ाई की व्यवस्था निरंतर मजबूत होती जा रही। इसके चलते परिणाम बेहतरीन आ रहे हैं।

**किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में केस : कैथल :** शहर की एक कॉलोनी से एक आरोपी 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 29 अप्रैल को सुबह के समय आरोपी विश्वनाथ उसकी 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया।

# आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



**कलायत।** उप मंडल मुख्यालय पर विभिन्न टीमों के अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम सत्यवान मान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर कलायत एसडीएम एवं ए.आर.ओ सत्यवान सिंह मान ने मंगलवार को उप मंडल मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली। इसमें चुनाव को लेकर गठित सभी टीमें शामिल रही।

इसमें निर्धारित नियमों के खिलाफ लगाए गए पोस्टर, बैनर व इस प्रकार की अन्य प्रचार सामग्री को हटवाने के लिए गठित उडनदस्ता, नाको पर निगरानी, चुनावी खर्च ब्यौरा, रैली-जनसभाओं की रैली की वीडियो रिकाडिंग, वीडियो समीक्षा और एकाउंट मोनिटरिंग टीमें शामिल रही। एसडीएम ने कहा कि आचार संहिता को लेकर तय नियमों की पालना जरूरी है। इसलिए टीमें धरातल से लेकर अंतिम बिंदु तक गंभीरता से कार्य करें।

# राजौंद में होनहार बच्चों को किया सम्मानित





राजौंद। ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल में विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ व प्रबंधक तथा किठाना के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

- छात्र गुरप्रीत को स्कूल स्टाफ ने सम्मानित किया

राजौंद के रोहेड़ा रोड पर स्थित ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र गुरप्रीत सिंह पुत्र राजेश ने जेई मेस की परीक्षा पास कर एन आई टी में दाखिले के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक कुलबीर दीक्षित ने बताया कि गुरप्रीत ने अन्य किसी कोचिंग संस्थान से न जुड़ कर केवल विद्यालय में शिक्षकों के अथक प्रयास और लगन के कारण आज उसने अपनी सफलता का परचम लहराया तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य सतपाल ने बच्चे के अभिभावक को बधाई दी और बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गांव किठाना के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारती और राखी रही अव्वल

राजौंद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव किठाना के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने परचम लहराया। बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट हुए कुल 60 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। जिन्होंने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। कुल आठ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। नान मेडिकल स्ट्रीम में भारती ने 470 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, राखी पुत्री सुभाष ढांडा ने 467 अंक लेकर द्वितीय स्थान व खुशी पुत्री सूरजमल ढांडा ने 466 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम में खुशी सुपुत्री अनिल ढांडा ने 469 अंक लेकर प्रथम स्थान व आट्र्स स्ट्रीम में अंजली पुत्री धर्मबीर ने 454 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम में खुशी जपुत्री श्री महावीर ने 452 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रितु सुपुत्री महीपाल ने 449 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय हरपाल ढांडा व डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार व विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री ने परीक्षा परिणाम पर समस्त टैगोर परिवार को बधाई देते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और भविष्य में और ज्यादा बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए वचनबद्धता दी । विद्यालय का कुल वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

### मारपीट व धमकी मामले में चार पर केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिव कॉलोनी निवासी इंद्र ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 24 अप्रैल को सुबह करीब साढ़े 10 बजे आरोपी बजिंद्र, शीशपाल, उसकी पत्नी व बेटे ने उसे लड़ाई-झगड़ा कर चोटें मारी। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



**पूंडरी।** गांव फरल में समाजसेवी सतपाल जांबा सफाई अभियान चलाते हुए।

# सतपाल जांबा का सफाई अभियान पहुंचा हलके के 49वे गांव फरल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हलके में चला हुए स्वच्छता अभियान के संयोजक समाजसेवी सतपाल जांबा की टीम के द्वारा स्वच्छता अभियान के गांव फरल में साफ-सफाई की गई। सफाई टीम सदस्यों द्वारा गांव के नगर खेड़े से सफाई अभियान की शुरूआत की गई। उसके बाद गली, नाली, सार्वजनिक स्थल, मंदिर परिसर, धर्मशालाएं आदि की साफ-सफाई की गई और गंदगी को ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर अन्य स्थान पर डाला गया। संयोजक सतपाल जांबा ने कहा कि उनका उद्देश्य पूरे हलके के गांवों को साफ-स्वच्छ बनाना है। जिसकी शुरूआत सरपंच चुने जाने के बाद सबसे पहले उन्होंने अपने गांव से की थी। गांवों को पूरे हरियाणा में स्वच्छता की दृष्टि से नंबर वन के पुरस्कार से नवाजा गया था। जिसके बाद इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने हलके के सभी 52 गांवों को भी स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया। उसी के तहत मंगलवार को वे हलके के 49वें गांव फरल में सफाई कर रहे है। उनका उद्देश्य किसी भी गांवों में औपचारिकता मात्र करने का नहीं है, बल्कि जब तक जिस गांव में सफाई अभियान चलाया गया है, वह पुरी तरह साफ-स्वच्छ और गंदगी मुक्त नहीं हो जाता, वे अगले गांवों में नहीं जाते है। चाहे उस गांवों में टीम के कितने भी दिन क्यों न लगे। इस टीम में उनके साथ लगभग 100 सफाई कर्मचारी काम कर रहे है। सतपाल जांबा ने कहा कि उन्होंने इसकी पेररणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली है। इस मौके पर ग्राम पंचायत सदस्य मोनू शर्मा व काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

**सतर्कता** | साइबर जालसाजों से रहें सावधान, कस्टमर केयर नंबर सतर्क होकर करें डायल

# फर्जी कस्टमर केयर नंबर से फ्रॉड करके आमजन की राशि हड़प रहे ठगः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

तकनीकि के इस युग में साइबर अपराधी भी अपराध करने के नये नये तरीके अपना रहे हैं। जिसमें एक तरीका फर्जी कस्टमर केयर बनकर लोगों के रुपए ठगना है। साइबर अपराधी फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के जरिये आम लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। आम लोग किसी भी कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर पाने के लिए गूगल का सहारा लेते हैं। ऐसा करते समय कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराधी आपकी एक चूक की ताक में बैठे हुए हैं। फेसबुक और ट्विटर से लेकर गूगल तक ये अपराधी फेक कस्टमर केयर नम्बर डालकर रखते हैं। आपने जरा सी गलती की और आप साइबर अपराधियों के जाल में फस जाते हैं। साइबर अपराधी किसी बैंक, कंपनी या संस्था की वेबसाइट से मिलती जुलती वेबसाइट बनाने से लेकर सोशल साइटों व गूगल मैप आदि पर गलत नम्बर डालकर रखते हैं। जिस



कारण लोग असल और फेक वेबसाइटों में अंतर नही कर पाते है और इन नम्बरों को ही अधिकारिक नम्बर समझ लेते हैं व ऐसे लोगों के झांसे में आकर धोखाधडी का शिकार हो जाते हैं। एसपी उपासना ने कहा कि जरूरी सावधानियां अपनाकर आमजन गूगल पर फर्जी कस्टमर केयर नंबरों की पहचान कर सकते है और ठगी होने से बच सकते हैं। गूगल पर कुछ भी सर्च करते समय रिजल्ट में सबसे ऊपर दिख रही वेबसाइट को ही सही नहीं मानें। सर्च में सबसे ऊपर के रिजल्ट के साथ यदि एड/स्पोंसर्ड लिखा दिख रहा है तो उस पर क्लिक करने से परहेज करें। यदि कोई सरकारी वेबसाइट है तो उसके अंत में जीओवी.इन या एनआईसी.इन जरूर होगा। यदि ऐसा है तो वह वेबसाइट ठीक है। कोई भी वेबसाइट खोलें तो यह अवश्य जांच लें कि वह सिक्योर है या नहीं। जिस वेबसाइट की शुरूआत में एचटीटीपीएस है तो वह सुरक्षित है। गूगल मैप के रिजल्ट पर कभी भरोसा नहीं करें। इसे कोई भी एडिट कर सकता है। ट्विटर और फेसबुक पर ब्लूटिक जरूर चेक करें। अगर ये वैरिफाइड है तो सुरक्षित हैं। सोशल मीडिया पर अपराधी, लोगों की शिकायतों पर नजर रखते हैं। आपके शिकायत करते ही इनबॉक्स में कस्टमर केयर बनकर वे अपना नम्बर दे सकते हैं। ध्यान रखें कि कोई भी संस्थान सीधे इनबॉक्स में नहीं आता है। सबसे महत्वपूर्ण है कि लोभ ना करें। आज के समय में अपराधी सस्ता लोन ऑफर करने की वेबसाइट बनाकर ठगी कर रहे हैं। अंतिम और जरूरी बात कि किसी से भी कार्ड नम्बर, सीवीवी, कार्ड का पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड व ओटीपी आदि शेयर ना करें।

## खबर संक्षेप



राजौंद। अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र बोस सदन प्रथम

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के गौरव स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के बच्चों ने बढ़ -चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहला स्थान सुभाष चंद्र बोस सदन ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान शहीदे आजम भगत सिंह ने प्राप्त किया तथा तीसरा स्थान चंद्रशेखर आजाद सदन ने प्राप्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने बच्चों को विद्यालय में होने वाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लाभ बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जेब से 20 हजार रुपये व युवती का पर्स चोरी

**कैथल।** पूंडरी में चोर एक व्यक्ति की जेब से 20 हजार रुपये व गांव शेरगढ़ में एक युवती का पर्स चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव फरल निवासी रघुबीर सिंह ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 29 अप्रैल को वह अपने किसी काम से पूंडरी आया हुआ था। वहां पर अज्ञात आरोपी उसकी जेब से 20 हजार रुपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हो : डीसी

**जींद।** सैक्टर 8 में बने हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटों में पीने के पानी की समस्या को लेकर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बोर्ड के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए हाउसिंग फ्लैटों में पीने के पानी की समुचित एवं पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ताकि वहां रह रहे परिवारों को पानी से सम्बंधित किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

### गौरव बने कांग्रेस प्रदेश लीगल कमेटी के सदस्य

**कैथल** । पंजाब एवं हरियाणा उच्च नयायालय में पेक्टिस कर रहे कैथल के अधिवक्ता गौरव जांगड़ा को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के मामलों के लिए प्रदेश लीगल कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। हरियाणा प्रदेश कांगेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान द्वारा जारी पत्र में गौरव जांगड़ा अधिवक्ता को यह नियुक्ति दी गई है। इस नियुकित पर हाई कोर्ट के वकीलों और जांगड़ा के मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।

### नहर पर जल्द बनेगा संस्कार एवं पिंडदान घाट

**जींद।** हांसी ब्रांच नहर पर जल्द ही कर्मकांड, संस्कार एवं पिंडदान घाट का निर्माण होगा। जींद की समाजसेवी संस्था कुमाऊं सभा द्वारा नहर पर मरणोपरांत 13 दिन तक किए जाने वाले कर्मकांड एवं पिंडदान के लिए घाट बनवाने की मांग को समय-समय पर उठाते रहे हैं।

चुनाव प्रक्रिया में जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक

# टीम अपना काम मुस्तैदी, निगरानी व जिम्मेदारी से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


जींद। निर्वाचन अधिकारीयों व एसडीएम की चुनाव को लेकर विशेष बैठक होते हुए। फोटो :हरिभूमि

नरवाना के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार दून की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की एक विशेष बैठक संपन्न हुई । मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के उद्देश्य से बनाई गई विभिन्न टीमों के नोडल अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मौजूद अधिकारियों को सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार दून ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी टीम अपना काम पूर्णतया मुस्तैदी, निगरानी तथा जिम्मेदारी के साथ करें ताकि लोकसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से करवाया जा सके। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार नरवाना विधानसभा क्षेत्र 38 आरक्षित में एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी तथा अकाउंटेंट टीमों का गठन किया गया है । इसके अलावा मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी भी बनाई गई है जो प्रतिदिन चुनाव प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मीडिया में दिए जाने वाले विज्ञापनों एवं खबरों पर नजर रखेगी। यह कमेटी सुनिश्चित करेगी कि उम्मीदवारों द्वारा किसी भी इलेक्ट्रॉनिक, सोशल एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से कोई पेड न्यूज या ऐसा विज्ञापन तो जारी नहीं करवाया गया है जो आदर्श आचार संहिता को उल्लंघन के दायरे में आता है। उन्होंने बताया कि अकाउंटिंग टीम का मुख्य कार्य उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले खर्चो का प्रतिदिन ब्यौरा रखेगी। दून ने सभी टीम इंचार्ज को निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया के संपन्न होने तक प्रतिदिन की अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें । इस बैठक में सत्यनारायण, परविंदर सिंह, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, सूरजभान, गुरमुख सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

#### आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन

फ्लाइंग स्क्वायड टीम का कार्य क्षेत्र में चुनाव आदर्श आचार संहिता के अनुपालना के लिए निगरानी करने का रहेगा। यह टीम चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र के सभी वाहनों पर निगरानी रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी वाहन में अवैध शराब, निर्धारित सीमा से 'यादा पैसा, हथियार या आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित अन्य कोई सामग्री ना हो। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग एवं नाकाबदी भी करेगी । इसी तरह स्टेटिक सर्विस लांस टीम का कार्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान किए जाने वाले खर्च पर निगरानी रखने का होगा उन्होंने बताया कि वीडियो व्यू टीम का कार्य चुनावी जनसभाओं, कार्यक्रमों, रोड शो व अन्य सभी सभी प्रचार गतिविधियों की संपूर्ण वीडियोग्राफी करने का होगा।

ऑब्जर्वरों ने ली एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम की बैठक

# लोस चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को खर्च के लिए खुलवाना होगा बैंक खाता

मॉनिटरिंग कमेटी निर्धारित फॉर्मेट में नियमित तौर पर हर रोज अपनी रिपोर्ट भेजनी होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

लोकसभा क्षेत्र सोनीपत के लिए नियुक्त एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वरों अविजीत रक्षित व एन. कार्तिक ने कार्यभार संभालने के साथ ही लघु सचिवालय में मंगलवार को एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम व संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के हर प्रकार के खर्च का पूर्ण ब्यौरा रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं है।

चुनाव आयोग ने एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर के रूप में सोनीपत लोकसभा सीट के लिए आईआरएस अधिकारी अविजीत रक्षित व एनण कार्तिक को नियुक्त किया है। नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत के साथ ही दोनों ऑब्जर्वरों ने अपना कार्यभार संभालते हुए सक्रिय रूप से कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम व अकाउंट्स टीम तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की अलग से बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने संबंधित टीमों से उनके कार्य तथा नियमों आदि को लेकर विस्तार से चर्चा की।

एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अविजीत रक्षित ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी को अपना बैंक खाता खुलवाना होगा, जिसके माध्यम से वह चुनाव में विभिन्न कार्योंर् के लिए खर्च करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमों की पूर्ण जानकारी मॉनिटरिंग टीम को होनी चाहिए। प्रत्याशियों को अनुमति लेकर ही विभिन्न प्रकार के आयोजन करने होते हैं, जिसकी जानकारी मॉनिटरिंग टीमों को होनी चाहिए। हर आयोजन की वीडियोग्राफी अवश्य करवाएं। दूसरे एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर एन. कार्तिक ने मॉनिटरिंग टीम को निर्देश दिए कि वे निर्धारित फॉर्मेट में नियमित तौर पर रिपोर्ट प्रेषित करें। यह कार्य बेहद संवेदनशील है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताहि स्वीकार्य नही है। अपने कार्य की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए और अपना काम पूर्ण निष्ठा के साथ करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जरूरी संसाधनों की रिपोर्ट लेते हुए अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वरों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन द्वारा पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करते हुए शिकायत का कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने मॉनिटरिंग टीम व अन्य संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया कि वे पूर्ण रूप सक्रिय रहें ताकि उनकी नजरों से कुछ भी न बच सके।

### लोस चुनाव को पारदर्शिता से संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी निर्धारित

**जींद।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 को निर्विघन व पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने ड्यूटियां निर्धारित की है। उन्होंने संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना कार्य के लिए जिन स्थलों का चयन किया गया है, वहां पर मतदान के बाद चुनाव में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम मशीन, कीट व अन्य प्रकार की चुनाव संबंधित सामग्री को भंडारण के लिए प्रयोग करें ताकि मतगणना से जुड़े कार्य को सुचारू रूप से चलाया जा सके। जिलाधीश ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 की धारा 160 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए मतगणना कार्य के लिए चिन्हित की गई जगहों के संबंधित विभागाध्यक्षों को भी निर्देश दिये कि वे इन भवनों को संबंधित एआरओएज को सुपुर्द किया जाएएताकि मतगणना के कार्य का सही संचालन करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि जींद जिला के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों का एरिया सोनीपतए हिसार तथा सिरसा (एससी) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आता है। जिला के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का कार्य जींद में ही कराया जाएगा।



### पुलिस कर्मचारियों को दी विदाई पार्टी

**कैथल।** पुलिस विभाग में शानदार सेवाएं देने उपरांत पुलिस विभाग से रिटायर्ड होने वाले 13 कर्मचारियों को पुलिस लाइन में आयोजित एक सादा समारोह के दौरान एसपी उपासना द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि रिटायरमेंट होने वाले कर्मचारियों में इंस्पेक्टर रामकुमार निवासी भानपुरा, इंस्पेक्टर जगदेव निवासी कोटड़ा, एसआई सुरेश कुमार निवासी गांव मटौर, एसआई कश्मीर सिंह निवासी गांव कंडेला जिला जींद, एसआई ओमप्रकाश निवासी स्योंसर जिला कुरुक्षेत्र, एसआई सुरजभान निवासी गांव सिणंद, एसआई सुभाषचंद निवासी धमतान साहिब जिला जींद, एसआई राजबीर निवासी दादुपुर जिला करनाल, एसआई पवन कुमार निवासी बस्तली जिला करनाल, एसआई प्रेम सिंह निवासी बढनपुर जिला जींद, एचसी रामशरण निवासी गांव खरकबुरा जिला जींद, एचसी चंद्रपाल निवासी जनकपुरी कालोनी कैथल तथा एचसी बलजीत निवासी गांव सफाखेड़ी जिला जींद शामिल है। इस दौरान एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस विभाग में नौकरी दौरान समय-समय पर विषम परिस्थितियां आती रहती है, जिनसे निपटते हुए विभाग को लंबी सेवा देने उपरांत सकुशल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र है।


काव्य गोष्ठी में भाग लेते हुए जनवादी लेखक संघ सदस्य।

### सत्ता तूने बना दिए, कैसे कैसे योग

**जींद।** शिव कालोनी स्थित अक्षर भवन में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर जनवादी लेखक संघ की कविता गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता राममेहर कमेरा ने की। उपस्थित कवियों ने मौजूदा दौर की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक हालात पर व्यंग्य कसती व मजदूरों के जीवन संघषोंर् को रेखांकित करती कविताएं पढ़ी। कमेरा ने अपने दोहों में कहा कि सत्ता तूने बना दिए, कैसे कैसे योग। बड़े-बड़े घर में मिले छोटे-छोटे लोग। चार बरस की नौकरी, चिंतित पिता किसान। अग्निवीर जीवन तेरा, लगता बीयाबान। राजेश भेंट ने कैसा आया रै जमाना, ना है कोई अन्जाना, ये तो सबने है मानाए हुई कैश प्रोबलम। हर किसी को, हर किसी कोएकैश प्रोबलम। मंगतराम शास्त्री ने कहा कि श्रम की चोरी का दर्द सहा है मेरी पुश्तों ने, पर नीले गृह को बसने लायक मैंने ही बनाया है। मैं श्रमजीवी हूं जग को संस्कृति व सभ्यता का पाठ मैंने ही पढ़ाया है। विक्त्रम राही ने त्यार रहया कर त्यारां गेल्यां। अपणे मित्तर प्यारां गेल्यां। तज लाठ्ठी बुड़के बंदूख लड़ना सीख विचारां गेल्यां। जो घाट-घाट का पाणी छाणैं तूं में राख बणजायांर् गेल्यां। कपिल भारद्वाज ने तानाशाह पक्षियों को दाना नहीं डाल सकता, हारमोनियम नहीं बजा सकता, रोटी नहीं बना सकता, कविता नहीं लिख सकता, प्रेम नहीं कर सकता। प्रवेश कुमार ने भूखे मरे बच्चे सर्द बुखारों से, जुल्म सहे कब तक ये गद्दारों से, फूटेगा इनका 'वाला इनके औजारों से, तभी चलेगा सही आंदोलन लाखों हजारों से।

# काव्या ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में 84वां रैंक हासिल किया, सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


काव्या को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की तीसरी कक्षा की छात्रा काव्या ने प्रतिष्ठित सिल्वर जोन ओलंपियाड में प्रभावशाली 84वां रैंक हासिल किया। यह उत्कृष्ट उपलब्धि छात्रा के समर्पण, कड़ी मेहनत और असाधारण प्रतिभा को दर्शाती है। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने छात्रा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों, शिक्षकों और पूरे विद्यालय समुदाय की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय हमेशा एक ऐसा पोषण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है जो अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है। विद्यालय छात्रों को अपनी रुचियों का पता लगाने, अपने कौशल विकसित करने और अपने सभी कार्योंर् में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सिल्वरजोन ओलंपियाड एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जो देश भर से प्रतिभाशाली छात्रों को आकर्षित करती है। इस प्रतियोगिता में प्रभावशाली 84वां रैंक हासिल करना एक उपलब्धि है जो छात्रा की असाधारण क्षमताओं और समर्पण को बयां करती है। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार, प्रशासक वीपी शर्मा, हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने काव्या को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों के दिन के समय की बिजली सप्लाई शुरू

**जींद।** ग्रामीण क्षेत्र की दिन के समय बंद की हुई सप्लाई बिजली निगम ने चालू कर दी है। अब ग्रामीण उपभोक्ताओं को दिन के समय चार घंटे बिजली मुहैया होगी। इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। बिजली निगम ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए बिजली नियामक उपाय (पीआरएम) में बदलाव कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र को शाम सात से सुबह सात बजे तक और दिन में सुबह 11 से शाम तीन बजे तक बिजली मिलेगी। वहीं ढाणी में रहने वालों को भी इसी तरह बिजली सप्लाई मुहैया होगी। इसके अलावा खेतों की बिजली सप्लाई में भी बदलाव किया है। नए पीआरएम के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में अब 16 घंटे बिजली सप्लाई मुहैया करवाई जाएगी।

# आरकेएसडी कॉलेज के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। देहरादून का प्रशिक्षण करते आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी।

आरकेएसडी महाविद्यालय के सांध्यकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए देहरादून उत्तराखंड की एक दिवसीय शैक्षणिक, मनोरंजक और औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन के संरक्षक सायंकालीन सत्र के वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज बंसल, प्रो अंकित गर्ग, प्रो निधि बिंदलिश, डॉ मीनू भूटानी ने 54 विद्यार्थियों को सबसे पहले पोंटा साहिब गुरुद्वारा में दर्शन करवाकर उनको उस स्थान का महत्व और इतिहास समझाया। तत्पश्चात उनको एलेक्स कंपनी (जो कि एल्यूमीनियम कंपोजिट पैनल बनाती है) का विस्तार से उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उसकी वेस्ट रबर से लेकर पैनल के अलग अलग रंग व डिजाइन बनाने की तकनीक के विषय में ज्ञान प्राप्त किया और उसके साथ-साथ उसका राष्ट्रीय स्तर पर वितरण कैसे किया जाता है की भी जानकारी प्राप्त की।

उसके बाद विद्यार्थियों को गुच्चूपानी रॉबर्स केव ले जाया गया, जहां उन्होंने उस स्थान के इतिहास को जानने के बाद पहाड़ों से आ रहे ठंडे पानी और प्राकृतिक पहाड़ी एवं पथरीले रास्ते के मनमोहक दृश्य का खूब आनंद उठाया। उसके बाद सभी विद्यार्थियों को फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में ले जाया गया जहां पर उन्होंने विभिन्न प्रकार की लकड़ी पर हो रहे शोध एवं संग्रहालय के बारे में जाना और वहां की अलौकिक सुंदरता का आनंद लिया।

# टैलेंट का महासंग्राम के ऑडिशन देने दूर-दूर से आए कलाकारों ने बांधा समां

- 100 से ज्यादा कलाकारों ने भाग लेकर प्रतिभा का लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। टैलेंट का महासंग्राम प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

टैलेंट का महासंग्राम सीजन-2 के ऑडिशन उचाना मंडी में करवाया गया। 100 से ज्यादा कलाकारों ने भाग लिया। हर कलाकार ने स्टेज पर अपनी प्रतिभा दिखाई। टैलेंट के महासग्राम में हर उम्र हर तरह के कलाकारों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता सागर आर्ट्स अकादमी के संचालक सागर शर्मा ने की। दीप प्रजवलित के बाद चेतना शर्मा द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य किया। निर्णायक मंडल में नरेंद्र शर्मा पटियाला, अरविंद्र कौर डबवाली से आई महक मोंगा, नरवाना से रिंकू शाक्या, पंजाब से अंजली शर्मा जींद रही। चरखी-दादरी की यशवनी ने कुछ पल का जीना गीत से सबका दिल जीतने की कोशिश की। बुढलाडा पंजाब से मन्नत ने हमने सनम को खत लिखा गाकर तालियां बटोरी। जगाधरी से आई सुनीता ने लंबी जुदाई गाया। सुनील सेंगो ने जन्म-जन्म का साथ निभाने को सौ-सौ बार मैंने जन्म लिए, जींद से निहारिका ने अपने डांस से सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। ममता शर्मा ने ग्रुप डांस से सबका मन मोह लिया। घुंघरू तोड़ के मानेगी से मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम | राजकीय महाविद्याल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# एकल गायन में प्रेरणा और मनजीत प्रथम रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। म्यूजिकल क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र व प्रतियोगिता के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सत्यवान मलिक। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में म्यूजिकल क्लब द्वारा एकल गायन, युगल गायन व अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कालेज के स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों का गायन के प्रति जुनून को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करना था। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि संगीत ब्रह्मांड को आत्मा, दिमाग को पंख, कल्पना को उड़ान और हर चीज को जीवन देता है। संगीत विश्राम व मनोरंजन का सवार्ेत्तम साधन है। दरअसल गायन के माध्यम से छात्र व छात्रा अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करना सिखाते हैं। प्रतियोगिता की संयोजिका डा. 'योति श्योराण ने छात्रों को इस तरह की विभिन्न प्रकार की गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। स्टेज कंपेयरिंग प्रवेश व संपत सिंह छात्रों द्वारा की गई। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डा. विशाल रेढू, डा. नरेंद्र कुमार, डा. वेद प्रकाश व डा. संतोष रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में प्रेरणा व मनजीत प्रथम, गुरदीप सिंह व आशीष द्वितीय और साहिल तथा मीनू तृतीय स्थान पर रहे। युगल गायन प्रतियोगिता में गुरदीप सिंह व प्रवेश प्रथम, साहिल व आशीष द्वितीय और मुस्कान व प्रेरणा तृतीय स्थान पर रहे। अंताक्षरी प्रतियोगिता में टीम ए से अंकित, प्रेरणा, पियूष प्रथम स्थान, टीम बी से संपत सिंह, मीनू, साहिल द्वितीय स्थान, टीम सी से मनजीत, रीतू और कविता तीसरे स्थान पर रहे। राजकीय महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग व इतिहास विभाग द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।